Hapur; Bulandshahr-Khurja is Rs. 89.32 crores (including assistance of Rs. 39 crores by the Central Government and the N.C.R. Planning Board).

गुजरात में तिलहनों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन

*125. **श्री बलराम सिंह यादव :**
श्रीमती कैलाशपति :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 28 जुलाई, 1990 के "फ़ाइनेंशियल एक्सप्रैस" में "आउट लुक फार आयल सीड्स" के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि मानसून के अपर्याप्त होने के कारण गुजरात में किसान मूंगफली की खेती के स्थान पर दूसरी फ़सलों के उत्पादन पर जोर दे रहे हैं ; और

(ग) क्या सरकार ने देश में अगले वर्ष इस कमी को दूर करने के लिये तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहन देने हेतु कोई कदम उठाये हैं, और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री नितिश कुमार): (क) जी, हां।

(ख) गुजरात में सौराष्ट्र क्षेत्र में अपर्याप्त वर्षा हुई है जहां खरीफ़ मौसम के दौरान प्रधानतः मूंगफली की खेती की जाती है। तथापि, किसानों ने उपलब्ध आर्द्रता के अनुकूल कम से कम अवधि की आकस्मिक फ़सलों को अपना लिया है ताकि एक अथवा अन्य फसलों को उन्नत किया जा सके।

(ग) सरकार ने आकस्मिक फ़सल प्रणाली का प्रभावशाली ढंग से अनुसरण किया है ताकि तिल की अल्प अवधि वाली तिलहन फ़सल का विस्तार किया जाये, यदि उस क्षेत्र में आर्द्रता उपलब्ध हो। सरकार द्वारा देश में तिलहन उत्पादन को बढ़ाने हेतु वर्ष 1990-91 से तिलहन उत्पादन कार्यक्रम नामक एक नई योजना शुरू की गई है। योजना किसानों के लिये महत्वपूर्ण आदानों तथा समर्थन सेवाओं की आपूर्ति करने के लिये राज्यों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है। योजना के अगले वर्ष के दौरान भी जारी रहने की संभावना है।

Introduction of Export Special Trains

*127. SHRI SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether some export special trains are proposed to be introduced very soon;

(b) if so, the details thereof and the names of the stations to be linked under the scheme;

(c) whether these trains would have passenger coaches;

(d) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor;

(e) whether these trains would affect the punctuality of other trains; and

(f) if so, the details thereof and the steps to be taken to counter this effect?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) and (b) A suggestion has been received from Delhi Exporters Association that railways should run export cargo trains from Delhi and other places in North India to Bombay for transport of non-containerised break bulk cargo, which is at present moving by trurks. The Association has been advised to organise clubbing of their demands for export shipments into a block rake indent and to come forward with concrete proposals in this regard.

(c) No, Sir.

(d) Combining freight and passenger traffic in this case is not desirable.

(e) No, Sir.

(f) Does not arise.